# कार्यालय नगर पालिक निगम, कटनी

**दीनदयाल रसोई योजना**

क्रमांक 822 /दी.द.र.यो./कटनी/2026-27 दिनांक- 28 / 04 /2026

## -:प्रस्ताव आमंत्रण सूचना:-

दीनदयाल रसोई योजना (तृतीय चरण) में नगर पालिक निगम-कटनी क्षेत्र अंतर्गत 03 स्थायी रसोई केन्द्रों एवं 01 चलित रसोई वाहनों का संचालन किया जाना है। रसोई केन्द्रों के संचालन के लिए इच्छुक गैर शासकीय/ धार्मिक/ स्वयंसेवी/ कल्याणकारी संस्थाओं/ एरिया लेवल फेडरेशन /स्व सहायता समूहों/व्यक्ति के प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। ऐसी गैर शासकीय/ धार्मिक/ स्वयंसेवी/ कल्याणकारी संस्था / एरिया लेवल फेडरेशन / स्व सहायता समूहों/व्यक्तिजो सेवा भाव से कार्य करने में सक्षम है एवं पूर्व से निःशुल्क अथवा सस्ते दर पर भोजन उपलब्ध कराने का कार्य संस्थाओं द्वारा किया गया हो ऐसी संस्थाओं को प्राथमिकता देय होगी। चयनित संस्थाओं से विहित प्रारूप में अनुबंध निष्पादित किया जावेगा। ऑनलाईन ई-निविदा के माध्यम से प्रस्ताव आमंत्रित किया जा रहा है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | कार्य का नाम | रसोई केन्द्र का नाम | बिड सिक्योरिटी मनी (रू. में) | बिड डाक्यूमेन्ट की लागत | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दीनदयाल रसोई केन्द्र का संचालन एवं संधारण कार्य<br>Online Tender Id:<br>_____ | 03 स्थायी रसोई केन्द<br>a) बस स्टेण्ड केन्द्र<br>b) 2.पुराना आरटीओ आफिस केन्द्र<br>c) 3.पहरूआ मंडी केन्द्र<br>एवं<br>01 चलित वाहन रसोई केन्द्र | 100000/-(एक लाख रुपये मात्र) | 10000/-( दस हजार रुपये मात्र) | एक वर्ष |

I. *आनलाईन निविदा में निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है:-*

**A. निविदा की प्री क्वालिफिकेशन (लिफाफा-A):- लिफाफा-A में सलंग्न करें**

i. बिड सिक्योरिटी मनी ई-पेमेन्ट की रसीद।
ii. बिड डाक्यूमेन्ट की ई-पेमेन्ट की रसीद A
iii. एफिडेविट-नान-ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर 100 रू0 A
iv. गैर शासकीय/धार्मिक/स्वयंसेवी/कल्याणकारी संस्था/एरिया लेवल फेडरेशन/ स्व सहायता समूह/ व्यक्ति के पंजीयन, पेनकार्ड, बैंक खाता विवरण इत्यादि।
v. स्व सहायता समूह क्रियाशील होकर डे-एनयूएलएम योजना अंतर्गत पंजीयन व सत्यापित होना अनिवार्य है।

**B. निविदा की प्री क्वालिफिकेशन (लिफाफा-B):- तकनीकी प्रस्ताव लिफाफा-B में संलग्न करे।**

i. निविदाकार का प्रति वर्ष 25 लाख रूपये का चार्टर्ड अकाउन्टेंट द्वारा आडिट किया गया हो, जिसकी आडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य है। पांच वर्ष के ऑडिट रिपोर्ट प्रमाणपत्र संलग्न न होने पर संबंधित निविदाकार की निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी।
ii. निविदाकार समूह को पूर्व मे ब्लैक-लिस्टेड नहीं किया गया हो ऐसा वचन पत्र आवेदन के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। तकनीकी निविदा में प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा प्रस्ताव स्वतः निरस्त माना जावेगा।

II. **निविदा प्रस्तुत करने हेतु अन्य प्रमुख शर्तें :-**

i. निविदाकार द्वारा 03 स्थायी एवं कनेक्टेड 01 चलित रसोई केन्द्र हेतु अपनी निविदा प्रस्तुत करेंगें।



Scanned with OKEN Scanner

ii. अभिव्यक्ति की अभिरूचि (EOI) वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए गैर शासकीय/धार्मिक/स्वयंसेवी/कल्याणकारी संस्था/एरिया लेवल फेडरेशन/ स्व सहायता समूह/ व्यक्ति जिनका मूल उद्देश्य समाज सेवा है और स्वेच्छा से दीनदयाल रसोई योजना के क्रियान्वयन से जुडना चाहती हो। आवेदन कर सकेंगें।

iii. निविदाकार से तात्पर्य- गैर शासकीय/धार्मिक/स्वयंसेवी/कल्याणकारी संस्था/एरिया लेवल फेडरेशन/ स्व सहायता समूह/ व्यक्ति है।

iv. निविदाकार क्रियाशील होकर उसका पंजीयन जीवित होना अनिवार्य है, जिसका प्रमाण पत्र प्रस्ताव के साथ उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

v. निविदाकार का PAN / TAN/ GST होना अनिवार्य है।

vi. तकनीकी निविदा में सभी प्रकार के अनुभव प्रमाण पत्र संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित करा कर संलग्न करना अनिवार्य होगा । अन्यथा तकनीकी निविदा स्वतः निरस्त मानी जावेगी

vii. निविदाकार के पास विगत पाँच (05) वर्षों का लेखा परीक्षण किसी चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा किया गया होना चाहिए, जिसकी ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

viii. निविदाकार को विगत पॉच (05) वर्षों का ITR इंकमटेक्स रिर्टन की कॉपी जमा करना अनिवार्य है।

ix. निविदाकार का 12 A , 80 जी सर्टिफिकेट।

x. निविदाकार का FSSAI का सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है।

III. निविदाकार को दीनदयाल रसोई योजना संचालन के निर्देशों व नियमो का ज्ञान भली भांति होना अनिवार्य है। समान क्षेत्र में किये कार्य के संचालन का अनुभव प्रमाण पत्र संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा जारी कार्य अनुभव प्रमाण पत्र मान्य होगा।

IV. <u>चयन के मापदण्ड:-</u>

i. जिला समन्वय एवं अनुश्रवण समिति द्वारा किये गये भौतिक निरीक्षण एवं संस्था द्वारा पावर पाईट प्रेजेन्टेशन के आधार पर जिला स्तरीय समिति द्वारा निर्धारित प्रपत्र में जिला स्तरीय समिति द्वारा अंक प्रदान किये जावेंगे। इस प्रकार अर्जित अंको में से उच्चतम प्राप्त अंक वाली संस्था/स्वसहायता समूह का चयन किया जा कर तदनुसार पात्र संस्था/स्वसहायता समूह को कार्यादेश जारी किया जायेगा।

ii. यदि निविदाकारों के मुल्यांकन के दौरान एक से अधिक निविदाकारों के एक समान अंक प्राप्त होने पर संस्था चयन लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया जायेगा। अगर युक्ति युक्त कारणों से एक से अधिक संस्था को भोजन प्रदान करने का काम सौंपा जाना है तो ऐसी स्थिति में लॉटरी में एक से अधिक संस्थाओं के नाम निकाले जा सकेंगें।

iii. म.प्र. शासन के द्वारा प्रदान किये गये नये आदेशों, मार्गदर्शिका में बदलाव के निर्देशो को संस्था द्वारा मान्य किया जावेगा एवं किसी भी विवाद की परिस्थिति में अंतिम निर्णय जिला समन्वय एवं अनुश्रवण समिति -कटनी का होगा।

V. निविदा की शर्तों, प्रावधानों एवं प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का संशोधन, परिवर्तन, परिशोधन अथवा निविदा को पूर्णतः या आंशिक रूप से निरस्त करने का समस्त अधिकार कटनी नगर निगम के पास सुरक्षित रहेगा। आयुक्त, कटनी नगर निगम को यह पूर्ण एवं एकमात्र विवेकाधीन अधिकार होगा कि वे बिना कोई कारण बताए तथा बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी समय उक्त निर्णय ले सकें। इस संबंध में आयुक्त, कटनी नगर निगम का निर्णय अंतिम एवं सभी पक्षों पर बाध्यकारी होगा तथा इस पर किसी भी प्रकार का दावा या आपत्ति मान्य नहीं होगी।

VI. कार्य का विस्तृत विवरण, शर्ते, वांछित योग्यता, अनुबंध की शर्ते एवं विस्तृत जानकारी विभाग की वेवसाईट <u>www.mpurban.gov.in</u> एवं <u>www.mptender.gov.in</u> से प्राप्त की जा सकती है। निविदा संबंधी दस्तावेज



Scanned with OKEN Scanner

www.mptender.gov.in बेवसाईट से ऑनलाईन भुगतान व पोर्टल शुल्क राशि का भुगतान करके दिनांक-......./04/2026 समय-प्रात: 11:00 से दिनांक ......./04/2026 समय-शाम05.30 बजे तक क्रय की जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन विभागीय वेबसाइट पर होगा पृथक से अन्यत्र कहीं भी नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त
दी.द.र. योजना
नगर पालिक निगम कटनी

क्रमांक 822/दी.द.र.यो./कटनी/2025-26 दिनांक-28/04/2026

**प्रतिलिपि:-**

1. वेब कटेन्ट मैनेजर, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग म0प्र0 भोपाल वाया email-cmamp5@mpurban.gov.in के द्वारा विभागीय वेबसाईट पर निविदा सूचना प्रकाशन हेतु
2- जनसम्पर्क अधिकारी, नगर पालिक निगम -कटनी दैनिक समाचार पत्रो में प्रकाशन करवाये जाने हेतु।

उपायुक्त
दी.द.र.योजना
नगर पालिक निगम कटनी



Signature Not Verified
Digitally signed by ASIT KHARE
Date: 2026.04.28 17:53:46 IST
Location: Madhya Pradesh-MP

Scanned with OKEN Scanner